## एक नजर में

### नग्मा ए रफी का आयोजन आज

**देवास।** सुर संगम सांस्कृतिक संस्था देवास द्वारा मोहम्मद रफी की 45 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज 10 अगस्त को नग्मा ए रफी का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर हॉल में रात्रि 8 बजे से किया जा रहा है। संस्था संयोजक इकबाल खान ने बताया कि कार्यक्रम में टीवी रेडियो सिंग इकबाल खान, अजय सोलंकी, डॉ. जुगल किशोर राठौर, कैलाश श्रीवास, अनूप जैन, माला स्टीफन्स, मंजु दांदे अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे। श्री खान ने संगीत प्रेमियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा



**सोनकच्छ।** नगर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे, व लंबी उम्र की कामना की। इसी के साथ कई बालिकाओं ने मंदिरों में जाकर भगवान को रक्षा सूत्र बांधकर परिवार की खुशहाली व समृद्धि के लिए आर्शीवाद मांगा। कालीसिंध नदी के तट के किनारे स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में विराजित बाबा महेश्वरानंद जी उदासीन की प्रतिमा पर भी रक्षासूत्र भेंट किए।

### सरकारी स्कूल के बच्चों को दी 55 सेट फर्नीचर की सौगात



**देवास।** जिलाधीश ऋतुराज सिंह की मंशानुसार जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चों को कंप्यूटर, फर्नीचर जैसी सुविधाएं दिलाने के मिशन को साकार करने में लगे बेअरलॉकर उद्योग ने हरणगाँव के एकीकृत माध्यमिक स्कूल के बच्चों को 55 सेट फर्नीचर की सौगात दी। बेअरलॉकर उद्योग के सीएसआर प्रबंधक प्रवीण शर्मा तथा प्रोजेक्ट समन्वय एक्ट ईव फाउंडेशन अध्यक्ष मोहन वर्मा ने बताया कि अब तक जिले के 62 फर्नीचरविहीन स्कूलों में समाजसेवियों और उद्योगों की सहायता से 2500 सेट फर्नीचर उपलब्ध करवाया जा चुका है जिसमें से 42 स्कूलों में 1800 फर्नीचर सेट की भागीदारी बेअरलॉकर उद्योग की रही है। सामाजिक संस्था एक्ट ईव फाउंडेशन के समन्वय और बेअरलॉकर उद्योग के सौजन्य से समाज के जरुरतमंद बच्चों को सुविधाएं देने का ये मिशन अनवरत जारी है। फर्नीचर प्रदाय करने हेतु शाला प्राचार्य जैन ने आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में जब शाला प्राचार्य ने स्कूल में बच्चों के जीर्णशीर्ण शौचालय, बाउंड्रीवाल तथा पंखों की मांग रखी तो उपस्थित, सरपंच रवि अग्रवाल ने अपनी माताजी की स्मृति में तुरंत तीन पंखें मंगवा कर प्राचार्य को भेंट किए तथा राखी पश्चात शौचालय बनवाने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में बेअरलॉकर से प्रवीण शर्मा, श्रुति डाबी, किशनसिंह कुशवाह, विनोद यादव, सरपंच रवि अग्रवाल, रामहेत डिगौनिया, रामदेव सलाम, श्रीराम राठौर, बलराम पुरोहित, गंगाप्रसाद मालवीय, हयात शेख, तथा श्री बघेल गनोरा सहित शाला स्टाफ उपस्थित था।

### विकासखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न



**कन्नौद।** शालेय विकासखंड प्रतियोगिता में कन्नौद सतवास काटाफोड लोहारदा कुसमांनिया इकलेरा कन्नौद आदि के बालक बालिकाएं खिलाड़ियों ने 14/17 19 वर्ष में गोला फेक भाला फेंक व दौड़ प्रतियोगिता में दम दिखाकर अपना स्थान जिले के लिए पक्का किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंकज जाट ने भाला फेंक कर प्रतियोगिता की शुरुआत की साथ में उपस्थित कॉलेज प्राचार्य प्रेमपाल सिंह, स्पोर्ट टीचर अरुण कुशवंशी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य मोहन मंसौरे, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गेम्स टीचर रामसुख बेनीवाल, कृष्णकांत शोत्रीय, दीपक कुलकर्णी, देवेश भास्कर, विकास इवने, अमन कनेरिया, गौतम सोलंकी, स्वाती सराठिया, भूमि दुलगज एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की पूरी टीम के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में पराग स्कूल सतवास, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल इकलेरा, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कन्नौद, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुसमानीया, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कन्नौद के स्कूलो के खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जैवलिन थ्रो डे पर भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें इकलेरा के बालक एवं बालिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया 17 वर्ष आयु में उत्कृष्ट विद्यालय कन्नौद के बालक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को कार्यालय पुलिस अधीक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन



**देवास।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट देवास के द्वारा विश्व में शांति स्थापित हो इस मंगल भावना से साथ 25 जुलाई से 9 अगस्त तक 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन पंडित भागचंद जैन के सानिध्य में किया गया। इसमें समाज के लगभग 45 परिवारों ने प्रतिदिन शांति धारा एवं शांति मंडल विधान सभी ने किया। पूर्णिमा के दिन श्री श्रेयांसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया एवं हवन के साथ ही विधान का विसर्जन किया एवं सभी पुण्यार्जक परिवारों को कलशों का वितरण किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोहर जैन, शैलेन्द्र जैन, महेन्द्र जैन, अरविंद जैन, संजय जैन उदय, स्वयं प्रकाश सेठी, पवन जैन, रमेश जैन, राजेंद्र जैन, हेमंत सेठी का विधान को सम्पन्न करने में विशेष सहयोग रहा। आभार ट्रस्ट सचिव शैलेन्द्र जैन दोषी के द्वारा माना गया।

## चापड़ा-बागली मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

**दो की मौत, आधा शरीर सरियों में फंसा**



**देवास।** कमलापुर थाना क्षेत्र के चापड़ा-बागली मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे लोहे के सरियों से भरा एक लोडिंग वाहन खड़ा था। अंधेरा होने के कारण चापड़ा से बागली की ओर जा रहे बाइक सवार उसे देख नहीं सके और पीछे से सरियों में जा घुसे। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक बाइक सवार का आधा शरीर सरियों में फंसकर दो हिस्सों में बंट गया। दोनों मृतक सतवास थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में एक बाइक पर दो व्यक्ति सवार थे। दुर्घटना के बाद सूचना मिलने के लगभग 45 मिनट बाद जिम्मेदार मौके पर पहुंचे। डायल-100 की मदद से शवों को शासकीय अस्पताल, बागली पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क किनारे बिना चेतावनी के वाहन खड़ा होने और रोशनी की कमी के कारण यह हादसा हुआ।

## अभा ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म संपन्न



**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ का श्रावणी उपाकर्म राजस्थानी मंडी धर्मशाला में महासंघ के अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता एवं पूर्व अध्यक्ष पंडित शिवनारायण पाठक, पंडित ओ पी दुबे की उपस्थिति में देवास के परम् श्रेष्ठ यज्ञाचार्य पं.देवनायक मिश्र शास्त्री के मार्गदर्शन में, पं.कपिल शास्त्री, पं.सूर्यप्रकाश मिश्र एवं पं मनोज व्यास द्वारा सम्पन्न करवाई गई। सर्वप्रथम पूजन प्रारंभ कर तीर्थस्नान, पंचगव्यप्राशन, हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, सूर्यो पस्थान, ऋषि पूजन, नूतन यज्ञो पवीत पूजन एवं धारण, देवर्षि पितृ तर्पण, हवन के पश्चात आरती कर संपन्न हुई। जिसमें शहर के समस्त ब्राह्मण बंधु सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में ओ.पी. तिवारी, पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला, महेंद्र स्थापक, दीपक जोशी, सतीश व्यास, महेंद्र व्यास, प्रतीक पंडित, संजय दुबे, युवा संघ अध्यक्ष छोटू पांडे, विमल शर्मा, सिद्धार्थ अवस्थी, कपिल व्यास, सुदर्शन दुबे, मंगेश शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, लक्ष्मी नारायण बिरथरे, इंद्रप्रकाश शर्मा, श्रीकांत डॉक्टर, अश्विन दुबे, दिनेश दुबे, राजेंद्र शर्मा, विशाल दुबे, शैलेंद्र शर्मा, रोहित उपाध्याय, पुनीत जोशी, प्रकाश व्यास, देवेंद्र त्रिवेदी, अनुज दुबे, कृष्णकांत शर्मा, सुशील शर्मा, बाल कृष्णा तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, सुरेश शर्मा पत्रकार आदि शामिल हुए। पूर्व अध्यक्ष रमेश व्यास ने सभी सनातनियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी डॉ. रितेश शर्मा ने दी।

## संस्था ब्रह्म बंधुत्व का श्रावणी उपाकर्म संपन्न



**देवास।** यज्ञोपवीत धारको के सबसे बड़े पर्व श्रावणी उपाकर्म का आयोजन संस्था ब्रह्म बंधुत्व बीएनपी देवास द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित, महासचिव राज कुमार शर्मा व वरिष्ठ समंवयक रूपराम मिश्रा, चन्द्र शेखर दुबे, मधुसूदन शर्मा ने बताया कि ज्ञात अज्ञात दोषों के निवारणार्थ एवं उनके शास्त्रोंक्त विधि से प्रायश्चित हेतु श्रावणी उपाकर्म प्रत्येक यज्ञोपवीत धारक के लिए आवश्यक है। श्रावणी उपाकर्म का आयोजन संस्था ब्रह्म बंधुत्व द्वारा रक्षा बंधन पर्व पर मानस भवन, शिव मंदिर पर विद्वान आचार्य पंडित अवधेश शास्त्री, पंडित गजेंद्र केष्टवाल और पंडित हेमंत शर्मा के आचार्यत्व में संपन्न हुआ, इसमें तीर्थ अवगाहन, दस स्नान विधि, हेमाद्रि संकल्प, ऋषि पूजन, तर्पण आदि के पश्चात नवीन यज्ञोपवीत धारण कराई गयी। माँ गायत्री के पूजन एवं आरती पश्चात अयोध्या से लायी गयी यज्ञोपवीत संस्था संरक्षक पं संजय शुक्ला द्वारा सभी उपस्थितो को भेट की गयी। श्री औदुम्बर रामायण मंडल अध्यक्ष पं डी के जोशी, द्वारा सभी साधको को फल, दक्षिणा और श्री राम रक्षा स्त्रोतम भेट स्वरूप दी गयी। कार्यक्रम की व्यवस्था में मानस भवन शिव मंदिर समिति के राजेन्द्र पंडित, डी पी शुक्ला, देवकरण कारपेन्टर, दिनेश जोशी, अशोक चौबे आदि का विशेष सहयोग रहा। समाप्ति पूर्व केशर दूध का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में महेन्द्र शर्मा, रघुनंदन शास्त्री, मांगीलाल तिवारी, राधेश्याम तिवारी, महेन्द्र स्थापक, नरेन्द्र नागर, महेन्द्र कुंडल, गंगेश्वर जोशी, प्रतीक पंडित, जयंत शर्मा, अभिषेक जोशी, गौतम जोशी, श्याम शर्मा, यशवंत तिवारी, मंगेश शर्मा, ब्रजेश शर्मा, सुदामा शर्मा, के एल भार्गव, दीपक केस्टवाल, राधेश्याम जोशी, राजेन्द्र पारिक, निरंजन शर्मा, किरण कस्तूरे, प्रवीण दुबे, अमित पांडे, ब्रिजेश शर्मा, रवीन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी सह संयोजक अमित पांडे, संघटन मंत्री नरेंन्द्र नागर एवं मीडिया प्रभारी अशोक चौबे ने दी।

## गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री प्रज्ञापीठ पर श्रावणी उपाकर्म सम्पन्न

**गायत्री साधकों ने हेमाद्रि संकल्प कर दस स्नान किया**



**देवास।** गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर देवास पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्रावणी उपाकर्म का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें मातृ जन्म शताब्दी वर्ष 2026 को लेकर भी चिंतन मंथन हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार श्रावणी पर्व (पूर्णिमा) पर गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर हेमाद्रि संकल्प कर दस स्नान किया। ऋषि तर्पण के साथ अपने गुरु, पूर्वजों और परिवार जनों की आत्म शान्ति हेतू तर्पण का कर्मकांड सम्पन्न हुआ साथ हि नवीन यज्ञोपवित धारण किया गया। श्रावणी उपाकर्म का संचालन करते हुए गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक रामनिवास कुशवाह ने कहा कि शरीर का निर्माण तो हो गया, शरीर तो छूट जाएगा लेकिन शरीर के बाद भी आपकी आत्मा की दुर्गति न हो, आत्म निर्माण हो इसलिए तर्पण किया जाता हैं। इस दिन भाई बहन और मित्र परस्पर एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर शुभ संकल्प लेते है। रक्षाबंधन बहन की, संस्कृति की, राष्ट्र की रक्षा हेतु बंधन से जोडने का प्रतीक त्यौहार है। वर्ष 2026 परम वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष तक हर कार्यकर्ताओं को कमर कसनी होगी युग निर्माण योजना में, तब जाकर कुछ अच्छे परिणाम पा सकेंगे स इसके पूर्व श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी, वंदनीया माता भगवतीदेवी शर्मा व ऋषियों का पूजन एवं देवआव्हान कर पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ कर पूर्णाहूति की गई जिसमें विश्व शांति, विश्व कल्याण एवं इस वर्ष अच्छी वर्षा हो इसके लिए विशेष मंत्रों द्वारा यज्ञ में विशेष आहुतियां दी गई। इसी प्रकार गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर भी गायत्री प्रज्ञापीठ की संरक्षिका दुर्गा दीदी के सानिध्य में श्रावणी उपाकर्म सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महेश पण्डया, कन्हैयालाल मोहरी, राजेन्द्र पोरवाल, देवीशंकर तिवारी, विक्रमसिंह राजपूत, सुरेश चौहान, चंद्रिका शर्मा, जगदीश चौहान, सोमेश्वर सोलंकी, शेषनारायण परमार, दीपक इंदानिया, प्रहलादसिंह सोलंकी, विजेंद्रसिंह बेस, प्रेमनारायण जाधव, सुभाष धोते, सालगराम सकलेचा, प्रदीप दुबे, कांतिलाल पटेल, विष्णु प्रसाद बागवान, ज्ञानदेव बोड़खे, डॉ. दिलीपसिंह पंवार, संतोष शर्मा, रमेशचंद्र पालीवाल, मोहन परिहार, अरूणेंद्र सोनी, शीला श्रीवास्तव, प्रहलाद श्रोतीय, श्रीमती चौहान, महेश बेटोड़िया, सुरेश चंद्रवंशी, मनोहर दुबे, दिलीप सोनी सहित अनेक परिजन उपस्थित थे। शक्तिपीठ पर श्रावणी उपाकर्म का संचालन परिव्राजक रामनिवास कुशवाह ने एवं प्रज्ञापीठ पर महेश आचार्य ने किया।

### जिला स्तरीय संगोष्ठी 13 अगस्त को

श्रावणी पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने जिले के सभी प्रज्ञा संस्थानों के प्रभारियों, अभियान प्रभारियों, प्रज्ञा मण्डल, महिला मण्डल, तहसील समन्वयकों से अपील की है कि आगामी गुरुमाता वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी समारोह का स्वरूप ओर उसमें हमारी भागीदारी को लेकर गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर पर जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई है, इस गोष्ठी में जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी अनिवार्य होगी। सभी परिजन अपने साथ सहयोगी परिजनों को भी साथ लावे ताकि युग निर्माण योजना में उनका सहयोग भी मिल सके।

## तिरंगा यात्रा व कुशाभाऊ ठाकरे जयंती को लेकर बैठक में चर्चा



**भौरासा।** भारतीय जनता पार्टी जिला देवास द्वारा आने वाले दिनों में होने वाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा फहराना, कुशाभाव ठाकरे जयंती, अटल बिहारी वाजपाई श्रद्धांजलि कार्यकम तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को मनाने बाबा भवरनाथ मण्डल सोनकच्छ विधानसभा के नगर भौंरासा में सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौतमसिंह राजपूत, मनोहर जाधव, मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र मोडरिया एवं जनपद सदस्य डा. केलवा रहे। कार्यक्रम कि शुरूआत मां सरस्वती, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडीत दिनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गई कार्यकम की शुरुआत में मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र मोडरिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम व विभाजन विभीषिका के बारे में बताया गया दिनाक 14/08/25 को होने वाले विभीषिका कार्यक्रम के बारे में बताया कि मण्डल स्तर पर मौन जुलुस, मशाल यात्रा या किसी हाल में संगोष्ठी कर जनता को देश के विभाजन में किस प्रकार कांग्रेस के द्वारा किया गया किस प्रकार देश के टुकडे किए गए। जिला उपाध्यक्ष मनोहर जाधव द्वारा बताया गया कि पेड़ हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है एक पेड़ मां के नाम का पौधा रोपण कार्यक्रम की शुरुआत में सभी बुथ स्तर पर पौधा रोपण किया जायेगा व दिनांक 16/8/25 को होने वाले कुशाभाऊ ठाकरे जयंती व अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम भी मण्डल के हर बूथ पर मनाने व उनके जीवन पर विषय रखने हेतु बताया गया। साथ हि उपस्थित जिला उपाध्यक्ष गौतमसिंह राजपूत द्वारा निकलने वाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत बताया गया कि दिनाक 11/8/25 से आरम्भ हो रहे हर घर तिरंगा लगाना है, कार्यकर्ता ध्यान रखे जब हर घर पर तिरंगा लगाए जब तिरंगों का अपमान न हो रोज शाम के समय तिरंगा वापस निकाल कर उसे सुरक्षित रखे। तिरंगा यात्रा निकालने के लिए सभी बूथ अध्यक्ष से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक वाहन लाकर सावधानी के साथ यात्रा का आयोजन किया जाए। तिरंगा यात्रा मण्डल के संयोजक अश्विन जायसवाल द्वारा बताया गया कि यात्रा दिनांक- 13/8/25 को जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव एवं क्षेत्र के विधायक डॉ राजेश सोनकर के नेतृत्व मे नगर भौरासा के गड़ी हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई आजाद चौक, गोया वार्ड क्रमांक 14, सेवा बस्ती वार्ड क्रमांक 15, छिपा पुरा, अयोध्या बस्ती वार्ड क्रमांक 8, कुमावत मोहल्ला, माली मोहल्ला होती हुई नरसिंह मंदिर, ठाकुर मोहल्ला, अन्नपुर्णा चौक से बाबा भंवरनाथ जी मंदिर पर आमसभा के साथ समाप्त होगी। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, अनील चावडा, संजय यादव, सोनकच्छ से सचिन बघेल, मुकेश कुमावत, यशवंत पटेल, भीम यादव, देवीसीह गुर्जर, प्रमोद पालीवाल, दशरथ धाकड, कैलाश यादव(कुलाला), नरेंद्र माली, कमल यादव, अर्जुन सेंधव, शैलेन्द्र ठाकुर, बद्रीलाल लोधी, ओमप्रकाश जायसवाल, नकुल अग्रवाल, हर्षित मेहता, मौसम माली, मन्नान खान सरंपच - सुमेरसिंह नागर, कमलसिंह पटेल धारूखेडी, पार्षद सचीन यादव, रोहित जायसवाल, विनोद डोडिया, सुरेश मालवीय आदि बड़ी सख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान मनाया



**सोनकच्छ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय व जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर आधारित अभियान दिनांक 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले के सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किया जाना है। यह अभियान सामुहिक उत्सव व नागरिक कर्तव्यों की भावनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों आयोजित की जाएगी। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत सोनकच्छ अंतर्गत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का शुभारंभ जपं अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। पश्चात हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के प्रचार-प्रसार संबंधी बैनर, पोस्टर का अनावरण कर किया गया।

अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु अपील की गई व उपस्थित जनों को स्वच्छ सुजल गांव की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में सीईओ गीतिका सोनी, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एकता वाद्ये, ब्लॉक समन्वयक जनअभियान परिषद मानसिंह मालवीय के साथ जनपद पंचायत व जनअभियान परिषद के अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पर चल रही रामायण पाठ की हुई पूर्णाहुति



**देवास।** श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर राजाराम नगर में श्रावण माह में चल रही राम कथा रामायण पाठ की पूर्णाहूति आज की गई। पूरा माह समिति सदस्य बाबूलाल पवार द्वारा संपूर्ण अर्थ सहित संगीतमय रामायण पाठ किया गया तथा हर दोहे के पश्चात सुखद वर्षा की कामना की गई। समिति सदस्य अशोक कुमार चौधरी, राजेन्द्र राठौर, मोहनसिंह रघुवंशी, बी.एस. खत्री, पं. सत्येन्द्र शर्मा, अशोक झाला, जैनारायण उपाध्याय, बी.एल.व्यास, ओमप्रकाश माहेश्वरी, करणसिंह दरबार, संतोष विजयवर्गीय, मुकेश जैन, ऋषभ जैन, दीपेश मुकाती, कमलेश पटेल, रोहित मुकाती, हर्षवर्धन वर्मा, अजय पंवार, सचिन जैन, बिट्टू जैन, रोहित चौधरी, मोहित शर्मा, रवि गोस्वामी सुभाष परमार का महीने भर तक सहयोग प्राप्त हुआ। आभार अंकित सोनी ने माना।

**एक नजर** रक्षा सूत्र बांधकर सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन लिया

## शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी



**भौरासा।** संस्कृति का सबसे सुंदर पर्व है रक्षाबंधन राखी का त्यौहार भाई बहन और प्रेम का प्रत्येक सामाजिक समझता व पारिवारिक एकता का महान पर्व है रक्षा बंधन का त्यौहार हमारी संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है यह त्यौहार भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा पर बहिनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी के रूप में रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की। परम्परा का निर्वहन करते हुए भाइयों ने अपनी बहिनों को उपहार भेंटकर जीवनभर रक्षा का संकल्प लिया। रक्षा बंधन को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह दिखाई दिया बहिन-भाई के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर हर घर में उत्साह देखने को मिला। भाई की कलाई पर प्रेम का सूत्र बांधने के लिए बहनें आतुर दिखाई दी तो भाइयों ने खुशी-खुशी राखी बंधवाई। बहनें सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर भाई को राखी बांधने मायके पहुंची तो भाइयों ने भी बहनों के घर पहुंचने पर स्वागत किया। इससे पहले रक्षा बंधन को लेकर घरों में विशेष तैयारियां की गई थीं। राखी का त्यौहार मनाने से पहले परम्परा के अनुसार लोगों स्नान कर पूजा के लिए मंदिर पहुंचे। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर जन्म-जन्म तक सुख-दु:ख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान भाइयों ने अपनी बहिनों को उपहार भेंट किए। सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखने को मिला। बच्चियां अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने को आतुर दिखी तो बच्चे भी राखियां बंधवाने के लिए उत्साहित दिखे। शुभ मुहूर्त देखकर रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया गया।

## युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

**देवास।** शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर सहित वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा अपनी शक्ति राष्ट्र निर्माण के साथ अपने शहर के लोगों की सेवा में भी लगाए, राजनीतिक आंदोलन के साथ सामाजिक जिम्मेदारियां का निर्वाह भी करें समाज के लोगों से सीधे-सीधे जुड़कर उनके सुख-दुख में साथ रहे आज के परिपेक्ष में यही आपकी सार्थक भूमिका होनी चाहिए आज सबसे बड़ी जिम्मेदारी सांप्रदायिक सद्भाव को बनाए रखने की है यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी आज युवाओं के कंधे पर है जिसे उन्हें हर हाल में निभाना होगा हम एक रहेंगे तो ही देश एक रहेगा।